तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 राशन का चावल नहीं मिल रहा गरीबों को...



13 राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन, 2026 यूजीसी...



## खबर संक्षेप

### आग से झुलसी महिला की मौत

**भिलाई।** मकान विवाद के कारण न्यायालय से केस हारने के बाद शरीर पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला की मौत हो गई। मामले मामले को पुलिस ने जांच में लिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि शबारानी पचरीपारा दुर्ग में किराए के मकान में रहती थी। उस मकान को खरीदने के लिए कई बार मकान मालिक को अवगत कराया था। लेकिन मकान मालिक उसे बेचने नहीं चाहता था, बल्कि उससे खाली करवाना चाहता था। इसे लेकर दोनों का केस न्यायालय में चल रहा था। केस हारने के बाद न्यालय व पुलिस कर्मी उसके मकान में खाली कराने पहुंचे थे तब महिला ने कमरे में घूसकर शरीर पर मिट्टी तेल उंडेल कर आत्महत्या का प्रयास किया था। जिसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल उपचार के लिए लेकर जाया गया। जहां गंभीर अवस्था में होने से महिला को रायपुर रेफर किया है। महिला 95 प्रतिशत तक बुरी तरह जल गई थी। उपचार के बाद महिला की मौत हो गई।

### सूदखोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि तबियत खराब होने के कारण सूदखोर एचआईजी 1/79 न्यू बोरसी दुर्ग हरिश पारख से पीड़ित ने 1.60 लाख रुपए 10 प्रतिशत के हिसाब से सूद में रकम लिया था। लेकिन आरोपी हरिश पारख ने पीड़ित को रकम के लिए लगातार दबाव डालते हुए 22 लाख रुपए रकम देने का डिमांड करता रहा। जबकि 3.20 लाख रुपए से अधिक हरिश पारख पीड़ित से वसूल चुका था। आरोपी के पास से 11 चेकबुक, इकरारनामा, साहूकारी लायसेंस बरामद हुआ है। आरोपी को पुलिस ने दुर्ग न्यायालय में पेश किया गया।

# कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर किया चक्काजाम किसानों व मजदूरों के अधिकारों की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत धरना प्रदर्शन, धान खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग





आज नगर पंचायत साजा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार माननीय श्री रविन्द्र चौबे जी पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं प्रदेश में किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर सांकेतिक रूप से चक्का जाम का आयोजन किया गया। वही कांग्रेस जनों ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला कर कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम को खत्म करने के साथ साथ श्रमिकों के काम के अधिकार को खत्म करना चाहते हैं, पहले लोगो को 100 दिनों तक काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, पंचायत के पास मनरेगा का काम करवाने हेतु प्रस्ताव पारित करता था, मजदूरों को यात्रा भत्ता या बेरोजगारी भत्ता पाने का अधिकार था, पूरी योजना में बजट का कोई सीमा नहीं होता है लेकिन इसके विपरीत नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वीबी जी राम जी जो बिल लेकर आया है पूर्णता श्रमिकों को संवैधानिक अधिकार को खत्म करना चाहते हैं इसमें न्यूनतक मजदूरी पाने के लिए कानूनी गारंटी नहीं दे पाई है। वही दूसरी ओर राज्य के भाजपा सरकार पर भी किसानों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है अभी भी बहुत सारे किसान टोकन से वंचित है जिससे वह ▶▶|शेष पेज 13पर

### अपराध : मोमोस खाने रुके युवक के पेट में घोंपा चाकू, बहन के सामने हुई वारदात

# चौपाटी बना अपराध व नशे का अड्डा, युवक पर चाकू से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय की पहचान बन चुकी बेमेतरा की चौपाटी एक बार फिर अपराध की सनसनीखेज वारदात से दहल उठी। शुक्रवार दोपहर बहन के साथ मोमोस खाने रुके एक युवक पर नशे में धुत युवकों ने पहले अश्लील गाली-गलौज की, फिर जान से मारने की धमकी देते हुए पेट में चाकू घोंप दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रशेखर साहू (18 वर्ष) पिता अनिल साहू, निवासी वार्ड क्रमांक 04 नयापारा दाढ़ी, थाना दाढ़ी ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 जनवरी की दोपहर करीब 2.30 बजे वह अपनी बहन के साथ पीजी कॉलेज बेमेतरा से घर लौटते समय चौपाटी के भीतर मोमोस खाने के लिए रुका था। इसी दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 25 एडी 7366 से बाबू गुप्ता उर्फ अभिषेक गुप्ता अपने एक नाबालिग साथी के साथ वहां पहुंचा। बताया गया कि बाबू गुप्ता ने मोमोस सेंटर के पास प्रार्थी को धक्का दिया और विरोध करने पर अश्लील व गंदी गालियां देने लगा। इसी बीच उसके साथी ने अपने पास रखा चाकू निकालकर जान से मारने की नीयत से युवक के पेट पर प्राणघातक वार कर दिया। बहन की आंखों के सामने हुई इस वारदात से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान आरोपी बाबू उर्फ अभिषेक गुप्ता (18 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 05 कचहरी पारा बेमेतरा तथा उसके विधि से संघर्षरत नाबालिग साथी ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल जप्त कर ली है। आरोपी बाबू गुप्ता को 31 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया, वहीं नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**चौपाटी पर नशेड़ियों का आतंक, अवैध कारोबार बेखौफ जारी-** इस घटना ने एक बार फिर बेमेतरा चौपाटी क्षेत्र की भयावह सच्चाई को उजागर कर दिया है। जिला मुख्यालय की यह चौपाटी अब सिर्फ खान-पान का केंद्र नहीं, बल्कि नशेड़ियों, असामाजिक तत्वों और अवैध गतिविधियों का अड्डा बनती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां आए दिन नशे में धुत युवकों की टोलियां बदतमीजी, जबरदस्ती और मारपीट पर उतारू रहती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि चौपाटी क्षेत्र में अनाधिकृत दुकानों की आड़ में अवैध शराब और गांजा ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पुलिस की त्वरित कार्रवाई सराहनीय

इस पूरे मामले में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सोनल ग्वाला, सहायक उप निरीक्षक भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक भूषण ठाकुर, हेमंत साहू, आरक्षक पुरुषोत्तम कुंभकार, मनीष मिश्रा, राहुल यादव सहित सिटी कोतवाली बेमेतरा के पुलिस स्टाफ की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सराहनीय रही, जिससे आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सका। अब सवाल यह है कि क्या यह कार्रवाई केवल एक घटना तक सीमित रहेगी, या फिर चौपाटी को अपराध और नशे से मुक्त करने के लिए स्थायी और कठोर अभियान चलाया जाएगा—इसका जवाब आने वाले दिनों में प्रशासन की कार्यवाही से मिलेगा।

## अश्लील गाली-गलौज व नुकीली वस्तु से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ थाना खम्हरिया पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

थाना खम्हरिया क्षेत्र अंतर्गत अश्लील गाली-गलौज करते हुए नुकीली वस्तु से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी ओंकार वर्मा, पिता लक्ष्मण वर्मा, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम टेढ़ी, थाना खम्हरिया, जिला बेमेतरा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 जनवरी को शाम लगभग 4 बजे उनके चाचा लेखराम वर्मा की गाय दूसरे के खेत में चली गई थी। इसी बात को लेकर गांव के नरोत्तम वर्मा एवं राकेश वर्मा सहित अन्य लोगों द्वारा विवाद किया जा रहा था, जिसे प्रार्थी ने मौके पर पहुंचकर शांत कराने का प्रयास किया।

इसके अगले दिन 18 जनवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे, प्रार्थी ग्राम टेढ़ी में आयोजित ग्रंथ पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर कांपा मार्ग से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी नरोत्तम वर्मा एवं राकेश वर्मा ने उसे रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी दी, अश्लील गाली-गलौज की तथा नुकीली वस्तु से चार बार हमला किया, जिससे प्रार्थी की पसली में गंभीर चोट आई। घायल को उपचार हेतु थाना खम्हरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खम्हरिया ▶▶|शेष पेज 13 पर

# स्व. राजा गांधी की स्मृति में उमड़ा सेवकों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ रक्तदान शिविर में जुटा 106 यूनिट रक्त





समाजसेवा और मानवता का अनुपम उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब स्वर्गीय राजा गांधी की पुण्य स्मृति में नवागढ़ गुरुद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस जनहितकारी आयोजन का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए जीवनदायी रक्त उपलब्ध कराना रहा। सुबह से ही शिविर स्थल पर युवाओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। हर चेहरे पर सेवा का उत्साह और किसी की जिंदगी बचाने का संतोष साफ नजर आ रहा था। शिविर के दौरान कुल 106 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

गणेषु यादव ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और यही स्वर्गीय राजा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करें और इसे नियमित आदत बनाएं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। शिविर में चिकित्सकों और स्वयंसेवकों की टीम ने पूरी निष्ठा और सावधानी के साथ रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई। आयोजकों द्वारा रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की पूरी जांच की गई, जिससे सभी रक्तदाताओं ने निश्चिंत होकर रक्तदान किया। आयोजन के अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब समाज एकजुट होकर सेवा के लिए आगे आता है, तो मानवता और करुणा की मिसाल कायम होती है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम को धार देने बेमेतरा पहुंचे प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगिड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



### भाजपा पर मनरेगा कानून को कमजोर करने का आरोप

मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल का शुक्रवार को बेमेतरा आगमन हुआ। इस दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं का जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में ज़ोरदार स्वागत किया गया। जिले भर से पहुँचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ व नारों के साथ नेताओं का अभिनंदन किया।

बैठक में मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई तथा संगठनात्मक मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को महात्मा गांधी, गरीबों, दलितों और ग्रामीण मजदूरों से नफरत है। यही कारण है कि मनरेगा जैसे ऐतिहासिक कानून को दबे पांव बदलने की साज़िश की जा रही है। नए कानून के ज़रिये ग्राम पंचायतों से उनके अधिकार छीने जा रहे हैं और मजदूरों को मिलने वाली 100 दिन की रोजगार गारंटी को समाप्त करने की तैयारी है। विजय जांगिड़ ने कहा कि मनरेगा देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इस कानून पर किया जा रहा हमला सीधे-सीधे गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय को ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ग्रामीणों को मिली रोजगार और आय सुरक्षा की गारंटी

# अमोरा में वीबी जी-राम-जी कानून को लेकर लगी जन चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 'विकसित भारत 2047' की नींव रखने वाला ऐतिहासिक कानून : होरीलाल





भाजपा की दूरदर्शी सोच और विकसित भारत 2047 के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बेमेतरा विधानसभा के ग्राम अमोरा में वीबीजी-राम-जी कानून को लेकर जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और मजदूर वर्ग को इस कानून से मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ, रोजगार की गारंटी और आय सुरक्षा की जानकारी विस्तार से दी गई।

यह कार्यक्रम भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक यशवंत जैन के निर्देशन में संपन्न हुआ। जन चौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा ने कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबी-जी-राम-जी) केवल एक कानून नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के समग्र उत्थान का रोडमैप है। श्री सिन्हा ने कहा कि यह कानून अब सिर्फ गरीबी उन्मूलन तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों की मूलभूत आवश्यकताओं, आजीविका, रोजगारमूलक कार्यों और विकास योजनाओं को एकीकृत कर ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत जहां पहले 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, वहीं अब इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की आय में सीधी और स्थायी बढ़ोतरी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि इस कानून में आपदा प्रबंधन को शामिल किया गया है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के समय ग्रामीणों को रोजगार और सहायता मिल सके। साथ ही खेती-किसानी के मुख्य सीजन को ध्यान में रखकर योजनाओं को इस तरह तैयार किया गया है कि कृषि कार्य प्रभावित न हों और किसानों को समय पर मजदूर उपलब्ध हो सकें। यह भाजपा की दूरदर्शी और व्यवहारिक नीति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। अपने संबोधन में श्री सिन्हा ने तीखे शब्दों में कहा कि "कुछ लोगों को 'राम' शब्द से ही एलर्जी है, लेकिन वीबीजी-राम-जी कानून गरीबों की आय सुरक्षा, सम्मानजनक रोजगार और सशक्त गांव की गारंटी देता है।" उन्होंने इसे विकसित भारत की परिकल्पना ▶▶|शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### दुर्ग राज कुर्मी समाज का राज अधिवेशन कल

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज का राज अधिवेशन 1 फरवरी रविवार को ग्राम मोरिद में होगा। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन होंगे। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष खोडश राम करेंगे। संयोजक राजप्रधान ईश्वरी वर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, महापौर निर्मल कोसरे एवं सभी राज के राज प्रधान होंगे। सभास्थल के निरीक्षण के लिए दुर्ग राज प्रधान ईश्वरी वर्मा उप राजमंत्री दिनेश वर्मा, सह सचिव खिलेश वर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा ,क्षेत्र प्रधान मोहिंद्र वर्मा ग्राम के प्रबुद्ध जन बलदाऊ वर्मा ग्राम प्रमुख वर्मा एवं समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की एवं कार्य विभाजन किया। सभा स्थल बाजार चौक मोरिद का अवलोकन किया।

### नशे की दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सब्जी मंडी के पास एक युवक को नशे की दवा बेचने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया । आरोपी से पूछताछ करने पर शक्ति नगर दुर्ग निवासी नितेश यादव अपना नाम बताया है। तलाशी लेने पर आरोपी नितेश के जेब से नशीली प्रतिबंधित टैबलेट अल्फाजोलम के कुल 13 पैकेट जब्त किया। जिसमें 195 टेबलेट कीमत 78 हजार और बिक्री रकम 500 बरामद हुआ। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है।

### बाइक रैली आज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा शहर में 1 फरवरी को बाइक रैली निकाली जाएगी। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने बताया कि रैली सुबह 110 बजे हुडको स्थित श्री राम चौक से प्रारंभ होकर खुर्सीपार श्री राम चौक तक जाएगी। यात्रा का नेतृत्व डॉ. एसके अग्रवाल भिलाई नगर चुनाव प्रभारी, आम आदमी पार्टी करेंगे।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 4, लक्ष्मी पारा जामुल निवासी भोजनारायण निषाद 29 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।

## नारधी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली कष्ट दे रही ग्रामीणों को

# राशन का चावल नहीं मिल रहा गरीबों को सेल्समैन की भूमिका पर उठ रहे सवाल

**खाद्य मंत्री बघेल ने कहा - जांच कर उठाएंगे सख्त कदम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत नारधी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) गरीबों के लिए राहत नहीं, बल्कि पीड़ा की वजह बनती जा रही है। हालात इतने बदतर हैं कि गांव के करीब 40 राशन कार्डधारकों को महीनों से चावल सहित राशन सामग्री नहीं मिला है। सवाल सीधा है जब शासन गरीबों के हक का चावल भेज रहा है, तो वह गरीब की थाली तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पाटन विधानसभा क्षेत्र में गरीबों के चावल की बड़ी खेप कालाबाजारी की भेंट चढ़ चुकी है। राशन दुकानों पर समय पर वितरण नहीं हो रहा, सेल्समेन मनमानी कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। इससे भी गंभीर बात यह कि एक ही व्यक्ति के कंधों पर पूरे पाटन ब्लॉक की 11 राशन दुकानों का बोझ डाल दिया गया है। क्या यही व्यवस्था है क्या एक व्यक्ति इतने बड़े दायित्व को ईमानदारी से निभा सकता है ।

ग्राम के मुखिया ने भी इस मामले को गंभीर बताया है। उनका साफ कहना है कि जिस व्यक्ति को राशन दुकान दी गई है, वह समय पर चावल वितरण नहीं करता। ग्राम पंचायत ने दुकान को हटाकर किसी स्थानीय समिति को देने की मांग की, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर यह मांग फाइलों में दबकर रह गई। इस पूरे मामले में पाटन एसडीएम लवकेश कुमार ध्रुव की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने पहले राशन दुकान संचालक को हटाने का आदेश जारी किया, फिर उसी आदेश में संशोधन कर दिया।

यह कोई पहला मामला नहीं है। ग्राम पंचायत कोव्ही और सोनपुर में भी पहले इसी तरह की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। लेकिन हर बार लीपापोती कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। न तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हुई, न ही व्यवस्था में कोई सुधार दिखा। जरूरत है कि पूरे पाटन ब्लॉक की राशन दुकानों की निष्पक्ष जांच हो, एक व्यक्ति के पास सौंपी गई 11 दुकानों की व्यवस्था पर तत्काल रोक लगे और दोषी अधिकारियों व संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वरना यह सवाल जनता पूछती रहेगी गरीबों का चावल आखिर जा कहां रहा है?

**नहीं हुई कार्रवाई**

पाटन एसडीएम को कई बार शिकायत किए हैं लेकिन कार्रवाई अभी तक नही हुई है। राशन दुकान महीने में 3 दिन खुलती है। इससे कार्डधारी परेशान होते हैं किसी को नमक तक नही दिया जाता। राशन दुकान गांव की महिला समूह को दिए जाने की मांग की गई है।

**धनश्याम ठाकुर,** सरपंच नारधी

**दोषी पर कार्रवाई की जाएगी**

एक ही व्यक्ति के द्वारा 11 दुकान चलाना संभव नहीं है। तत्काल जॉच समिति बना कर जांच करवा लेंगे और दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

**दयालदास बघेल,** खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़

## अंचल की खबरें

### निकाली गई वीर सपूतों की झांकी



**धमधा।** नगर में वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ पर वीर सपूतों का सजीव प्रदर्शन झांकी के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय के संस्कृत शिक्षा प्रभारी कक्ष के दिशा- निर्देश पर संस्कृति रक्षा संवर्धन हेतु धमधा, पाटन एवं दुर्ग में ब्लॉक स्तर पर कराया गया। इसी अंतर्गत धमधा खण्ड में बाजार मैदान में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सूबेदार अशोक चौहान धमधा ने झांकी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के साथ वंदे मातरम के रचनाकार बंकिम चंद्र चटर्जी और आनंद मठ के रचयिता रविंद्र नाथ टैगोर जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़सरा के सचिन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनसीसी परेड का सलामी हुआ। दूसरा प्रदर्शन स्काउट सहित रेड क्रॉस ने सलामी दी। पश्चात वीर, सपूतों, बलिदानियों का क्रमशः सजीव रूप में छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग वाहन पर सवार होकर अनेकों क्रांतिकारियों के रूप में दिखाई दे रहे थे।

### संत कबीर साहेब की वाणी हमेशा प्रासंगिक : कल्पना



**जामगांव आर।** बेल्हारी मे त्रि दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग समारोह के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग थे। मंच पर लालेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन और भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू मंचासिन रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में संत कबीर साहेब के अनुयायी सत्संग समारोह में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के आसंदी से जिला सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी प्रासंगिक थी ,है और सदा रहेगी। साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने में मददगार होती है। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि जिसने भी संत कबीर साहेब की वाणी को आत्म सात किया उनको जीवन जीने की दिशा मिल गई। इस अवसर पर रामसिंह बंसोड, भेनकुमार चंद्राकर, हलधर महामल्ला, इन्द्रकुमार साहू, भावेश, दाऊराम साहू, रामअवतार सेन,प्राण साहू, नरेंद्र साहू, डिलेन्द्र साहू, रामबाई साहू, येमीन साहू, सुनीता साहू, सावित्री साहू, माधुरी साहू, सत्यावती साहू, सहित समस्त श्रोतागण उपस्थित रहे।

### कुम्हारी में 'आई स्पर्धा 2026' का भव्य आयोजन



**कुम्हारी।** द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, के कुम्हारी परिसर में चार दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालयीय/अंतर-विभागीय खेल एवं सांस्कृतिक स्पर्धा "आई स्पर्धा 2026" का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 24 खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस पूरे खेलोत्सव के समापन पर मुख्य अतिथि डॉ. राजीव चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. डी. पांडेय ने की एवं कुलसचिव डॉ अर्चि दुबे भी उपस्थित रहीं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. एस. डी. पांडेय ने "विकसित भारत" की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्पर्धा में मुख्य अतिथि डॉ.राजीव चौधरी प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास केवल शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण के समन्वय से संभव है। अंत में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### दिल्ली से लौटने पर सरपंच का किया सम्मान



**अंडा।** 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के बाद दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झोला (पोस्ट तिरगा) की सरपंच बसंती निषाद छत्तीसगढ़ लौटने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने अनुभव साझा किए और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जानकारी दी। सरपंच बसंती निषाद का चयन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में किया गया था। उनके चयन को दुर्ग जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में गर्व का विषय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सरपंच ने ग्राम पंचायत झोला में शिक्षा, स्वच्छता, कुपोषण मुक्त अभियान, बाल विवाह रोकथाम, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह उपलब्धि निषाद (केवट) समाज सहित पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे उनके प्रयासों से अन्य पंचायतों को भी नई दिशा मिलेगी।




## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोबाइल का दुष्परिणाम बताया ग्रामीणों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएम महाविद्यालय द्वारा ग्राम पीसेगांव में एक दिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव, एमएल साव प्राचार्य, सरपंच द्रोपती देशमुख, सचिव रश्मि सिंह राजपूत द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित और पुष्प अर्पण कर किया गया ।

■ विद्यार्थियों ने रैली निकाल दिया जागरुकता का संदेश

विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता, नशा, बाल विवाह संबंधित नारा लगाकर जागरूक किया। वहीं आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर बाल विवाह रोकने शपथ दिलाया गया। सर्वे फॉर्म लेकर विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर वहां की स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता संबंधी जानकारी प्राप्त की। स्कूली बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चो का प्रदर्शन सराहनीय रहा। महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक भवन में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य कि प्रस्तुति के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोबाइल के दुष्परिणाम को बताया गया। सरपंच द्रोपती देशमुख ने बीएम कॉलेज द्वारा आयोजित सामुदायिक शिविर के आयोजन की प्रशंसा की। आभार व्यक्त बी एड विभागाध्यक्ष टुकुनी दलाई ने की।

## एक सप्ताह से सड़क मार्ग बंद, ग्रामीणों की परेशानी के बावजूद प्रशासन बेखबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

गोडपेंडरी स्कूल के पास से फुंडा सब्जी बाड़ी होते हुए रायपुर रोड तक जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग पिछले एक सप्ताह से पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन को अब तक इसकी भनक तक नहीं लगी है। जानकारी के अनुसार, उक्त मार्ग पर मवेशी की दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर लकड़ियाँ रखकर रास्ता बाधित कर दिया, जिससे इस मार्ग से होने वाला आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। सड़क बंद होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग का उपयोग क्रेशर एवं पत्थर खदानों से निकलने वाले भारी वाहनों द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाता था। सड़क बंद होने के बाद अब इन भारी वाहनों को नहर पार के रास्ते से निकाला जा रहा है, जिससे शासन की सिंचाई नहर को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहनों के आवागमन से नहर की संरचना लगातार खराब हो रही है, लेकिन संबंधितनहर विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। राहगीरो ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क मार्ग को शीघ्र खुलवाया जाए, दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए तथा भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए, ताकि आम जनता और सरकारी संपत्तियों को नुकसान न हो।

■ मवेशी की दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने किया रास्ता बाधित, आवागमन प्रभावित

### चंद्रशेखर को मिला उत्कृष्ट किसान प्रतिभा सम्मान



**पाटन।** पाटन राज मनवा कुर्मी समाज द्वारा के अधिवेशन में विशेष उत्कृष्ट किसान प्रतिभा का सम्मान सीएस एग्रो नर्सरी के संचालक चंद्रशेखर वर्मा व सहयोगी नरेंद्र वर्मा को सम्मानित किया गया। मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष ने उन्हें सम्मानित किया।

## केंद्रीय बजट से पूर्व व्यापारियों व उद्योगपतियों ने अपने सुझाव, अपेक्षाएं और अनुभव किए साझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा केंद्रीय बजट से पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर व्यापारियों और उद्योगपतियों की राय जानने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने किया। बैठक में भिलाई सहित आसपास के व्यापारियों एवं उद्यमियों में बजट पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखने मिला। व्यापारियों ने अपने सुझाव, अपेक्षाएं और अनुभव सांझा किए।

प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि बजट पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण व्यापारियों और उद्योगपतियों की वास्तविक समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। छत्तीसगढ़ के व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और अब समय आ गया है कि उनकी अपेक्षाओं को नीति निर्माण में गंभीरता से शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि टैक्स सरलीकरण, एमएसएमई को आसान ऋण, स्थानीय उद्योगों को संरक्षण, डिजिटल व्यापार में सहूलियत और रोजगार सृजन जैसे विषयों पर चेम्बर सरकार को ठोस सुझाव देगा। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गर्गीशंकर मिश्रा ने कहा कि भिलाई क्षेत्र के व्यापारी उद्योग-अनुकूल नीतियों की अपेक्षा कर रहे हैं। स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने, लॉजिस्टिक लागत कम करने और टैक्स से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों के समाधान की आवश्यकता है।

स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने कहा कि देश की जीडीपी को मजबूत करने के लिए स्वदेशी उद्योगों, स्थानीय उत्पादन और छोटे उद्यमों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कार्यक्रम में सुमन कन्नोजे, सविता शर्मा, टीना सतपुते, राकेश मल्होत्रा, रितेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## ढौर में शिव मंदिर से शिवलिंग व नंदी प्रतिमा चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन विकासखंड पाटन के ग्राम ढौर में असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक आस्था पर हमला किए जाने की घटना सामने आई है। ग्राम के बड़े तालाब परिसर में स्थित शिव मंदिर से अज्ञात चोरों ने शिवलिंग एवं नंदी प्रतिमा चोरी कर ली। यह मंदिर साहू परिवार द्वारा लगभग 60 वर्ष पूर्व निर्मित कराया गया था, जो ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए शिवलिंग और नंदी प्रतिमा को अपने साथ ले गए। सुबह जब श्रद्धालु नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो प्रतिमाएं गायब देखकर स्तब्ध रह गए। तत्पश्चात तत्काल इसकी सूचना ग्रामवासियों को दी गई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। पूरे गांव में आक्रोश और चिंता का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे केवल चोरी की घटना नहीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला गंभीर कृत्य बताया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी की जाए, साथ ही मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



### शिक्षक संवर्ग के समस्याएं बताई अधिकारी को

**पाटन।** छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला -दुर्ग के कार्यकारी जिलाध्यक्ष चंचल कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में छ.ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन वि.खं-पाटन, जिला -दुर्ग (छ.ग) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा एवं पाटन वि.खं के कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन डालेन्द्र कुमार देवांगन से मुलाकात की। इस दौरान वि.खं-पाटन अंतर्गत कार्यरत समस्त शिक्षक संवर्ग की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के क्रम में रखकर अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण करने हेतु ज्ञापन दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन ने उक्त समस्याओं के अतिशीघ्र नियमानुसार निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया। जिसमें छ.ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन वि.खं पाटन के उपाध्यक्ष हरिशंकर देवांगन, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत तिवारी शामिल थे।

## अंडा में जनचौपाल का आयोजन किया कांग्रेस ने

# भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म कर गरीबों का आजीविका अधिकार छीन रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में कांग्रेस पार्टी द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को मनरेगा के अधिकार, रोजगार की अनिवार्यता और भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किए जाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू,अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर, प्रभारी राजेंद्र साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा न केवल मनरेगा का नाम बदलने की कोशिश कर रही है, बल्कि इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की दिशा में भी काम कर रही है। राजेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को खत्म करने पर आमादा है। उन्होंने जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी और आम जनता मिलकर इस योजना को समाप्त नहीं होने देगी।

जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चन्द्राकर ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को उद्योगपतियों की सरकार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार गरीबों और मजदूरों के हाथ से रोजगार छीनकर बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है। ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करना ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है।भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है और यह दिखा रही है कि विपक्ष केवल नाम बदलने का विरोध कर रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण देवेंद्र देशमुख ने कहा की "असलियत यह है कि पूरी योजना को खत्म कर दिया गया है। नए प्रावधानों में रोजगार की कोई गारंटी नहीं है, काम केवल वहीं मिलेगा जहां केंद्र तय करेगा और उतना ही जितना बजट आवंटित होगा।" इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग,राकेश हिरवानीअध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस पुकेश चंद्राकर,ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, पूर्व सभापति टिकेश्वरी देशमुख, सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा, प्रशांत पांडे,गीता महानंद, तीरथ चंद्राकर, बैकुंठ महानंद, प्रवीण चंद्राकर, यशवंत चंद्राकर, बंजारे, डॉ चेलक, तेजराम चौहान,जितेंद्र साहू, रोशन साहू सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन खुली रही शराब दुकान, की शिकायत

**दुर्ग।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन राज्य सरकार द्वारा शराब दुकानों को खुले रखने के निर्णय के विरोध में शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने आबकारी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता शराब दुकानों तक भी पहुंचे, जहां दुकान खोले जाने को लेकर जानकारी ली। बाकलीवाल ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला मौका है, जब देश के इस महान सपूत की पुण्यतिथि के दिन शराब दुकान खोलने का निर्णय भाजपा सरकार ने लिया है। अब जनता को समझना है कि जिनके हाथों में सत्ता दी गई है वह किस हद तक नशाखोरी को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस ने इस निर्णय को राष्ट्रपिता के विचारों, मूल्यों एवं नैतिक दर्शन के विपरीत बताया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि महात्मा गांधी जी आजीवन नशामुक्त समाज, नैतिकता और आत्मसंयम के पक्षधर रहे। ऐसे दिन शराब की बिक्री को अनुमति देना न केवल शासन की असंवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि यह राष्ट्रपिता के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना पर भी कुठाराघात है। इस दौरान संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, गुरदीप भाटिया, आनंद ताम्रकार, मनीष बघेल, देवेश्री साहू, अयूब खान, पार्षद दीपक साहू, अश्वनी निषाद, ज्ञानदास बंजारे, भास्कर कुंडले, अब्दुल गनी, बृजलाल पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### विभागीय परीक्षा केंद्र का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन गृह-सी विभाग विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन 27 जनवरी से 3 फरवरी तक किया जा रहा है। इस परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी को परीक्षा केंद्र के रूप में नामांकित किया गया है। परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने बीआईटी पहुंचकर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

# भिलाई-3 चरोदा की सड़कें बदहाल, रोड पर जगह-जगह गड्ढे

**लोगों का गुजरना हुआ मुश्किल, शिकायत का भी असर नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई-3 चरोदा नगर निगम क्षेत्र में कई सड़कें जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। जगह-जगह सड़कें उखड़ चुकी हैं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जीई रोड से नगर निगम कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर इतने बड़े हैं कि वाहन चालकों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क से रोजाना बड़ी संख्या में लोग नगर निगम कार्यालय, बाजार और आसपास के वार्डों की ओर आते-जाते हैं। सड़क पर बने गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई बार अचानक गड्ढे आने से वाहन असंतुलित हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक सुबह और शाम के समय इस मार्ग पर यातायात दबाव अधिक रहता है। वहीं, रात के समय दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। वहीं नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा ने कहा कि शहर सरकार मस्त है और आम जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में लोग आज भी मूलभूत परेशानियों से जूझ रहे हैं।





### निगम क्षेत्र में ही व्यवस्था सवालों में

लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सड़क नगर निगम कार्यालय तक जाती है, इसके बावजूद हालत बदतर है। नागरिकों का कहना है कि यदि निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों की यह स्थिति है, तो बाकी अंदरूनी इलाकों की सड़कों का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि नगर निगम जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कार्य शुरू करे। साथ ही गड्ढों को भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए ताकि आने-जाने में परेशानी कम हो और दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

**मनरेगा बचाओ संग्राम : शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस ने दिया धरना**

# 8 जगहों पर कांग्रेस ने किया चक्काजाम कांग्रेसियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**मनरेगा में हुए संशोधन को वापस लेने व धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग**

दुर्ग/ कुम्हारी/अंडा/जामुल/सेलूद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर के दिन 30 जनवरी यानी शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग और ग्रामीण जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में सांकेतिक चक्काजाम और धरना प्रदर्शन किया गया। दुर्ग में पटेल चौक, बजरंग चौक सेलूद, उमदा रोड भिलाई-3, मुख्य चौक अंडा, बस स्टैंड अहिवारा, तरुण सांस्कृतिक भवन के पास जामुल, बाजार चौक बोरी, स्टेशन चौक कुम्हारी में सांकेतिक चक्काजाम किया गया। इस दौरान करीब 10 मिनट तक मुख्य सड़क को जाम किया गया। शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल और राकेश ठाकुर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने किसानों व मनरेगा श्रमिको के साथ किसानों की धान खरीदी की समय-सीमा तत्काल बढ़ाने, मनरेगा कानून को बंद करने और रोजगार से वंचित रसखने की साजिश के खिलाफ संघर्ष तथा भाजपा सरकार की किसान-विरोधी एवं श्रमिक-विरोधी नीतियों के खिलाफ जनआक्रोश प्रकट किया।

### मनरेगा में बदलाव को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**दुर्ग।** दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मजदूरों, किसानों एवं ग्रामीण परिवारों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मनरेगा योजना में किए गए बदलावों तथा धान खरीदी प्रक्रिया में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि मनरेगा योजना वर्षों से ग्रामीण गरीबों और मजदूर वर्ग की आर्थिक रीढ़ रही है, लेकिन वर्तमान में इसके नाम एवं स्वरूप में किए गए बदलाव, कार्य दिवसों में कटौती और जटिल प्रक्रियाओं के कारण मजदूरों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है और पलायन की स्थिति बन रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। लगभग 20 प्रतिशत किसान आज भी अपनी उपज बेचने से वंचित हैं, क्योंकि उन्हें अब तक टोकन नहीं मिल पाए हैं। इससे किसान आर्थिक संकट और मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि धान खरीदी की समय-सीमा तत्काल बढ़ाई जाए तथा शेष सभी किसानों को शीघ्र टोकन जारी कर खरीदी सुनिश्चित की जाए। मांग की गई कि मनरेगा योजना कें स्वरूप में किए गए बदलाव को वापस लिया जाए। पूर्व निर्धारित कार्य दिवसों को बहाल किया जाए। धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाकर सभी किसानों को उनका अधिकार दिलाया जाए। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू, राजेश यादव, आर.एन. वर्मा, संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, गुरदीप भाटिया आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार के खिलाफ फूटा गुस्सा



ग्रामीण क्षेत्रों में 7 प्रमुख चक्काजाम व धरना स्थलों पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, मनरेगा श्रमिक एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी स्थानों पर आंदोलन पूरी तरह अहिंसात्मक रहा, किंतु सरकार के खिलाफ तेवर बेहद आक्रामक और स्पष्ट थे। हाथों में बैनर-तख्तियां लेकर किसानों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की गई।सड़क के दोनों ओर बैठकर सांकेतिक चक्काजाम किया गया। धान खरीदी की तिथि बढ़ाने तथा मनरेगा को पुनः पूर्ण रूप से लागू करने की मांग उठाई गई। उमदा रोड भिलाई-3 में धान खरीदी की धीमी प्रक्रिया और मनरेगा बंद करने की साजिश को लेकर विरोध दर्ज करया गया। अंडा में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग की गई। बस स्टैंड अहिवारा में कांग्रेसजन किसानों व मनरेगा श्रमिको के साथ प्रतीकात्मक चक्काजाम कर आम नागरिकों को आंदोलन के उद्देश्य से अवगत कराया गया। हाई स्कूल तरुण सांस्कृतिक भवन के पास जामुल, बाजार चौक बोरी और स्टेशन चौक कुम्हारी में भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सेलूद में आशीष वर्मा, राजेश ठाकुर, मोहन साहू, सिरसा गेट भिलाई 3 में मेयर निर्मल कोसरे, कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, श्रीकांत वर्मा, डॉ. अशोक देशलहरा, अंडा चौक में नंदकुमार सेन, देवेंद्र देशमुख, दिनेश पटेल, टिकेश्वरी देशमुख, पुकेश चंद्राकर, रिवेंद्र यादव, कुम्हारी में मनहरण यादव, प्रमोद राजपूत, राजेंश्वर सोनकर, जामुल में कमलेश साहू, मन्नु यादव, सुनीता चन्नेवार, सरोजनी चंद्राकर, संजय देशलहरा, इस्माईल आजाद मौजूद थे।

# जी राम जी योजना ग्रामीण विकास का आधार : तेखन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोरई एवं दमोदा में जन जोहार चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। योजना की बारीकियों को सरल भाषा में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव के समग्र विकास, सम्मानजनक आजीविका और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत आधार है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम एवं भ्रामक प्रचार को तथ्यों के साथ स्पष्ट किया। चौपाल में बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर भाई–बहन उपस्थित रहे। ग्रामीणों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर मिलने पर सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

- जनपद पंचायत दुर्ग बोरई और दमोदा में आयोजित

### इसमें 125 दिन मिलेगा काम

तेखन सिन्हा ने कहा कि जहां मनरेगा में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 125 दिनों तक रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पलायन पर रोक लगेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कार्य पूर्ण होने के बाद मात्र 7 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया है, जिससे मजदूरों और किसानों को समय पर मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा।

### जी राम जी योजना प्रभावी और दूरगामी माध्यम

जनपद पंचायत की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने पंचायतों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र समाधान हेतु कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारतयोजना ग्रामीणों को साथ लेकर गांव के विकास का एक प्रभावी और दूरगामी माध्यम सिद्ध होने जा रही है। जन चौपाल को राजू यादव अध्यक्ष सरपंच संघ, गायत्री पुरुषोत्तम साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुखदेव देवांगन, ईश्वर देवांगन, दीपक सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू, दानेश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन, 2026 यूजीसी कानून वापस लेने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने और 2026 के नए यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला प्रशासन कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया।

- यूजीसी 2026 कानून को वापस लेने की मांग

इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी और प्रभुनाथ मिश्रा के नेतृत्व में एसडीएम उत्तम ध्रुव को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि यूजीसी 2026 कानून को शीघ्र वापस लिया जाए, क्योंकि इससे समाज में जातिगत भेदभाव की भावना उत्पन्न होने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से इस विषय पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि इस कथित काला कानून को शीघ्र वापस लिया जाए। इस दौरान शशिकांत तिवारी, प्रभुनाथ मिश्रा, सुमित शर्मा, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, अभिषेक पांडे, सुरेंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी, पीयूष मिश्रा, नमिता शर्मा, काजल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### भिलाई निगम के कर्मियों ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

**भिलाई।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय में गहन श्रद्धा और सम्मान के साथ दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौन धारण के माध्यम से उपस्थित जनों ने शहीदों के त्याग, समर्पण और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

पेज 11 के शेष...

### कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन...

अपना धान समिति में नहीं बेच पाया है। कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों की धान खरीदी की निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाने की मांग किया है। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व श्री ईश्वर वर्मा जी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा,श्री संतोष वर्मा जी पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश वर्मा, ओम वर्मा, मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश चंदेल, संतोष तिवारी, संतोष पटेल, बिहारी साहू, किलुश यदु गुड्डू जायसवाल, विनोद कुंजाम, कन्हैया साहू, विजय दुबे, हनु राम साहू, जनार्दन सिंह ठाकुर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंजोर यदु, बलकरण वर्मा सचिव, राजू चौहान,नरेश सिन्हा,वरिष्ठ कांग्रेस एवं समस्त किसान एवं कांग्रेस जन सैकडो की संख्या में उपस्थित थे।

### चौपाटी बना अपराध...

जैसी नशीली वस्तुओं की खुलेआम सप्लाई की जा रही है। पूर्व में पुलिस द्वारा एक युवक को अवैध शराब के साथ पकड़े जाने के बावजूद वह और उसके साथी फिर से बेखौफ होकर अवैध गतिविधियों में लिप्त बताए जा रहे हैं। इससे साफ है कि अपराधियों में कानून का खौफ खत्म होता जा रहा है।

**समय रहते सख्ती नहीं हुई तो हो सकती है बड़ी अनहोनी-** चौपाटी क्षेत्र में समय रहते पुलिस और प्रशासन का सख्त शिकंजा नहीं कसा गया, तो भविष्य में इससे भी बड़ी और जानलेवा घटनाएं घट सकती हैं। आम परिवार, महिलाएं और छात्र-छात्राएं अब इस इलाके में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### अश्लील गाली-गलौज...

में अपराध क्रमांक अंतर्गत धारा 296, 351(3), 118(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान धारा 118(2) बीएनएस भी जोड़ी गई।

घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।विवेचना के दौरान पूछताछ में आरोपी राकेश वर्मा, पिता राधेश्याम वर्मा, उम्र 23 वर्ष,नरोत्तम वर्मा, पिता राधेश्याम वर्मा, उम्र 28 वर्ष दोनों निवासी ग्राम टेढ़ी थाना खम्हरिया ने अपना अपराध स्वीकार किया।दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा सहित आरक्षक सौरभ सिंह, बलदेव निषाद, हीराचंद गेंड्रे, अशरफी खान एवं थाना खम्हरिया के पुलिस स्टाफ शामिल रहे ।

### मनरेगा बचाओ...

किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क से संसद तक मनरेगा बचाने की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने बताया कि बेमेतरा और कवर्धा जिलों में अभियान को गति देने तथा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के उद्देश्य से यह दौरा किया गया है। "यहाँ के कार्यकर्ताओं का समर्पण देखकर साफ है कि मनरेगा बचाओ आंदोलन को जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा," ऐसा उन्होंने कहा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल ने भी भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा मजदूर, किसान और गरीब वर्ग के साथ खड़ी रही है। वहीं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मनरेगा सिर्फ योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों के सम्मान और आत्मनिर्भरता का आधार है, जिसे खत्म करने की साज़िश को कांग्रेस नाकाम करेगी।

इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड़, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कविता साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, मिथलेश वर्मा, अजय राज सेन, नवीन ताम्रकार, पार्षद राजू साहू, रूबी सलूजा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि फणेंद्र मिश्रा, योगिता साहू, बेरला ब्लॉक अध्यक्ष सुमित राजपूत, विजय बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अमोरा में वीबी...

को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर बताया। **ग्रामीणों ने कानून को लेकर दिखाया उत्साह-** जन चौपाल में ग्रामीणों ने कानून को लेकर उत्साह दिखाया और इसे मजदूरों व किसानों के हित में क्रांतिकारी कदम बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रेवाराम निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गजेंद्र साहू तथा मंडल महामंत्री राकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों एवं रसोईयों के आंदोलन को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का समर्थन, दोहराई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, मजदूर कार्यकर्ता समिति की ओर से कलादास डेहरिया ने कहा कि डीएड सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों की भर्ती के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश पारित किए जा चुके हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा इन आदेशों का पालन करने के बजाय उनका उल्लंघन किया जा रहा है। कोर्ट की अवमानना से बचने के उद्देश्य से सरकार द्वारा आनन-फानन में जो सूची जारी की गई है, उसमें भी गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। सूची में शामिल कई अभ्यर्थियों की पात्रता संदेहास्पद है। इसके बावजूद पूर्णतः पात्र अभ्यर्थियों को यह कहकर बाहर किया जा रहा है कि वे पुनः नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल हों।

- जारी सूची में गंभीर अनियमितता का आरोप

विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का स्पष्ट वादा किया गया था। स्वयं मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र के दौरान लिखित रूप में स्वीकार किया है कि प्रदेश में हजारों शिक्षक पद रिक्त हैं और अनेक विद्यालय बंद होने की कगार पर हैं। वहीं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा भी 33 हजार शिक्षकों की भर्ती का आश्वासन दिया गया है। पूर्णतः पात्र 1316 डीएड सहायक शिक्षक अभ्यर्थी, जो पिछले 35–40 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं, उनकी तत्काल नियुक्ति की जाए तथा चुनावी घोषणा पत्र में किए गए 57 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ की जाए। इसी प्रकार रसोइया संघ पिछले 20 से 22 वर्षों से वेतन विसंगति एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत है। मात्र 66 रुपये प्रतिदिन की दर से मेहनताना दिया जा रहा है, जो किसी भी दृष्टि से मानवीय नहीं है। इस अवसर पर महेश साहू, रमाकांत बंजारे,नीरा डेहरिया एवं बिट्टू कौशल उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मंत्री दयालदास ने अस्पताल का निरीक्षण कर प्रसूताओं को वितरित की बेबी किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मारो, नवागढ़ में जीवनदीप समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मंत्री श्री बघेल ने अस्पताल का निरीक्षण किया तथा भर्ती प्रसूता महिलाओं को बेबी किट का वितरण कर शुभकामनाएं दीं।बैठक की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी प्रतिमा पर पुष्प एवं गुलाल अर्पित कर की गई। इसी क्रम में कुष्ठ जागरूकता अभियान 'स्पर्श' का उद्घाटन भी किया गया।इसके पश्चात बीएमओ डॉ. विकास पांडेय द्वारा मंत्री बघेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अस्पताल स्टाफ द्वारा भी अतिथियों का स्वागत किया गया। जीवनदीप समिति की बैठक के दौरान मंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, मानव संसाधन एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस पर बीपीएम सी.के. देवांगन ने बताया कि मारो का शासकीय अस्पताल पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में संचालित था, जिसे चालू वित्तीय वर्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नत किया गया है। उन्होंने बताया कि नवीन भवन स्वीकृत नहीं होने के कारण वर्तमान में अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन में ही संचालित हो रहा है। उन्नयन के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 47 पदों का सेटअप स्वीकृत है, जबकि वर्तमान में नियमित, संविदा एवं जीवनदीप समिति के कर्मचारियों सहित कुल 17 स्टाफ कार्यरत हैं, जिससे कर्मचारियों की कमी बनी हुई है।

## अस्पताल में स्टाफ एवं भवन की कमी दूर करने का आश्वासन, न्यूनतम शुल्क में स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा

### भवन व कर्मचारियों की मांग शीघ्र पूरी करने का आश्वासन

बैठक में भवन निर्माण एवं अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता को लेकर रखी गई मांगों को शासन स्तर पर शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। मंत्री ने सभी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में बीएमओ डॉ. विकास पांडेय ने मंत्री दयालदास बघेल सहित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




### ये रहे उपस्थित

बैठक में नगर पंचायत मारो के अध्यक्ष धनलाल, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों में टार्जन साहू (महामंत्री), जागेश्वर ठाकुर, जितेंद्र तिवारी, राम चौबे (सामाजिक कार्यकर्ता), बीएमओ नवागढ़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, बीपीएम सी.के. देवांगन, यू.आर. ध्रुव, अस्पताल स्टाफ, सुपरवाइजर, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बस्ता मुक्त दिवस पर हुआ विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में शनिवार को बस्तर मुक्ति दिवस पर विज्ञान मॉडल का प्रदर्शनी लगाया गया। जिसमें अम्ल-क्षार की पहचान, ऑक्सीजन और हाइड्रोजन की उपस्थिति, चुंबकीय पदार्थ की पहचान,घर्षण और आवेश,यांत्रिक ऊर्जा से विघुत ऊर्जा में परिवर्तन जैसे अनेको मॉडल की प्रस्तुति की गई। इस दौरान विद्यालय में संजय प्रसाद प्यासी प्राचार्य सहित सरस्वती साहू प्रधान पाठक, रामगोपाल चंद्राकर, शशिकला यादव, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक,देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, पूनम कुमार साहू, प्रतिभा, राजेश गायकवाड,सरिता बंजारे एवं नेहा साहू अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से उपस्थिति रही।

### श्रीचक्र महामेर पीठाधिपति का भव्य स्वागत



**साजा।** शुक्रवार को श्रीचक्र महामेर पीठाधिपति अनंतश्री विभूषित सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी जी महाराज का आगमन किरकी में हुआ ग्रामीण भव्य स्वागत किया विशाल कलश यात्रा निकाली गई। अतिथियों ने इस अवसर पर द्वारा चरण पादुका पूजन कर आशीर्वाद लिए शोभायात्रा में विधायक ईश्वर साहू, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना,गोविंद पटेल, जितेन्द्र साहू जनपद सदस्य राम अवतार कश्यप, मंडल अध्यक्ष थान खमरिया केशव पटेल, मंडल अध्यक्ष साजा बुलाक साहू , सरपंच सोनू ग्राम पदमी, डेनिम सेन, जोगू पटेल, किरकी सरपंच संतोषी हनुमंत साहू, सहित श्रद्धालुओं उपस्थित रहे।

## निधन

### उत्तरा देवी सिंह

**नवागढ़।** ग्राम बैहरसरी (छिरहा) निवासी उत्तरा देवी सिंह गहरवार (97) का शनिवार को दुःखद निधन हो गया। वे विश्वराज सिंह की माता थीं। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय उत्तरा देवी सिंह का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा एवं संस्कार में समाज के गणमान्य नागरिकों, रिश्तेदारों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**प्रवचन :** बसंत पंचमी पर गोकुल में लल्ला के दिव्य श्रृंगार से श्रद्धालु भावविभोर

# श्रीकृष्ण नामकरण व पूतना वध की कथा जीवन और परमात्मा के रहस्या की कड़ी : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत आयोजित दिव्य प्रवचन में कथावाचक ने पूतना लीला के माध्यम से संसार और परमात्मा के गूढ़ रहस्य को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि यह संसार तिक्त पान के समान है – इसमें सार भी है और असार भी। अब यह मनुष्य पर निर्भर करता है कि वह किसका चयन करता है – संसार का या परमात्मा का। साध्वी कालिंदी भारती ने कहा कि यदि मनुष्य असार को ही जीवन का आधार बना लेता है, तो अज्ञान, विकार, मोह और माया सदा उसके ऊपर हावी रहते हैं। लेकिन यदि वह ज्ञान को अपनाता है, तो वही ज्ञान उसे पवित्र बनाकर परमात्मा तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल पर भक्तिरस, भाव और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस तरह की कथाएँ आज के समय में समाज को सही दिशा देने का कार्य करती हैं।

ज्ञान के समान इस संसार में कोई भी वस्तु नहीं है जो मनुष्य को भीतर से शुद्ध कर सके इसीलिए महापुरुष कहते हैं कि सच्चे सतगुरु की शरण में जाकर ही जीवन का सार तत्व प्राप्त होता है। सतगुरु ही वह शक्ति हैं, जो असार में से सार निकालकर भक्त को ईश्वर का साक्षात्कार कराते हैं। कथा वाचिका कालिंदी भारती ने कमल का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी उससे लिप्त नहीं होता, क्योंकि उसका नाता सूर्य से होता है वैसे ही मनुष्य संसार में रहते हुए भी परमात्मा से नाता जोड़ ले, तो वह विकारों से अछूता रह सकता है।पूतना लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि कंस ने भगवान श्रीकृष्ण को मारने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रचे। कभी पूतना को भेजा, कभी तृणावर्त को लेकिन प्रभु की लीला अपरंपार है। यशोदा मैया रोज लल्ला का श्रृंगार करतीं, गोपियाँ दर्शन के लिए उमड़ पड़तीं, और बाल कृष्ण अपनी बाल लीलाओं से पूरे गोकुल को आनंदित करते रहे।

वृंदावन में बाल लीलाओं से प्रभु श्रीकृष्ण ने दिया जीवन लक्ष्य का संदेश, नामकरण प्रसंग में उमड़ा श्रद्धा भागवत कथा के अंतर्गत आयोजित प्रवचन में कालिंदी भारती ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु अपनी हर लीला के माध्यम से मनुष्य को उसके जीवन लक्ष्य तक पहुँचने की प्रेरणा देते हैं।एक बार गोकुल में महर्षि गर्गाचार्य जी का आगमन हुआ। उस समय नंद बाबा के लाला और रोहिणी जी के पुत्र का नामकरण संस्कार नहीं हुआ था। जैसे ही नंदराय जी को यह ज्ञात हुआ कि गर्गाचार्य जी पधारे हैं, वे उनके पास पहुँचे और विनम्रतापूर्वक आग्रह किया कि आप मेरे दोनों बालकों का नामकरण कर दीजिए। महर्षि गर्गाचार्य जी ने कहा कि यदि यह बात कंस तक पहुँच गई, तो वह बालकों को क्षति पहुँचा सकता है। इस पर नंद बाबा ने कहा कि वे कोई धूमधाम से नामकरण नहीं करेंगे, बल्कि गुप्त रूप से घर में ही यह संस्कार करवा लेंगे। गर्गाचार्य जी ने इस प्रस्ताव को उचित बताया और घर में संदेश भिजवाया। उधर रोहिणी जी अपने पुत्र बलराम को लेकर और देवकी-नंदन श्रीकृष्ण को लेकर यशोदा मैया आगे बढ़ीं। जैसे ही वे पहुँचीं, घर का वातावरण आध्यात्मिक भाव से भर गया। कथा में बताया गया कि गर्गाचार्य जी ने दोनों बालकों का नामकरण करते हुए कहा कि यह बालक अनेकों रंगों में प्रकट होंगे, इसलिए इनका नाम कृष्ण होगा, और रोहिणी जी के पुत्र का नाम बलराम होगा, जो बल और धर्म का प्रतीक हैं।





### नशे और चरित्रहीनता की दलदल में डूब रहा युवा

कथावाचीका ने कहा कि दुख की बात है कि आज वही भारत का युवा नशे और चरित्रहीनता की दलदल में फँसता जा रहा है। स्कूल, कॉलेज, कैंटीन और सिनेमा घरों में फैशन के नाम पर मर्यादाएँ टूट रही हैं। उन्होंने सवाल किया जिन युवाओं पर ब्रिटिश सरकार का इतना अत्याचार था, वे दबाव में नहीं आए, तो आज का युवा दोस्तों के दबाव में क्यों टूट रहा है? कथा में काकोरी कांड का भी मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। बताया गया कि लखनऊ जेल में बंद क्रांतिकारियों ने बसंत पंचमी वहीं मनाई। अंग्रेजों से जब थोड़ी सामग्री मिली तो उसमें बासंती रंग भी था। राम प्रसाद बिस्मिल ने उस रंग में साथियों की टोपियाँ और रुमाल रंगे। सभी ने वह बसंती टोपी पहनकर जेल से निकलते समय गाया मेरा रंग दे बसंती चोल और यह संदेश दिया कि हम अपना संपूर्ण जीवन भारत माँ के रंग में रंग देना चाहते हैं। बसंत पंचमी हमें याद दिलाती है कि ज्ञान, शौर्य और त्याग — ये तीनों हमारे जीवन के स्तंभ हैं। यदि आज का युवा इन मूल्यों को अपनाए, तो राष्ट्र फिर से उसी गौरवशाली मार्ग पर लौट सकता है।

### ये रहे उपस्थित

छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष स्वामी अखिलेसरानंद के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा हमुख्य जजमान संतोष साहू - अनिता साहू , परमानंद साहू -खिलेश्वरी साहू गौरव साहू , भार्गव साहू , दिव्य ज्योति जागृति संस्थान परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और युवा वर्ग उपस्थित रहा। कथा स्थल पर देशभक्ति और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रोताओं ने कहा कि यह प्रवचन केवल कथा नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और राष्ट्रचेतना की पुकार था।

### बसंत पंचमी पर वीरता, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का संदेश

श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत आयोजित प्रवचन में कथावाचक ने बसंत पंचमी के पर्व को केवल ऋतु परिवर्तन का उत्सव नहीं, बल्कि वीरता, बलिदान और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी केवल पीले वस्त्र पहनने का पर्व नहीं, बल्कि उस बसंती रंग का स्मरण है जो वीरों के रक्त और त्याग से सना हुआ है।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत हुआ स्कूल जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 13 फरवरी तक नवागढ़ विकासखंड में आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुष्ठ संबंधी भ्रांतियों को दूर करने एवं समय पर उपचार हेतु जागरुक अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की कड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित समस्त आचार्यों एवं छात्रों को कार्यक्रम के बारे में विस्तार से विकासखण्ड कुष्ठ रोग प्रभारी यू आर ध्रुव के द्वारा जानकारी दिया गया एवं कुष्ठ से भेदभाव को मिटाने हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में बीएमओ नवागढ़ डॉ. विकास पांडेय , बीपीएम सी. के. देवांगन ,यू आर ध्रुव प्राचार्य, आचार्य एवं समस्त छात्र छात्राएं सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ उपस्थित रहे।

स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान 13 फरवरी तक चलेगा,जिसके लिए 30 जनवरी को जागरूकता रथ प्रचार प्रसार के लिए हरी झंडी दिखा कर सीएमएचओ कार्यालय से रवाना किया गया है, जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम सभा में अभियान के अंतर्गत जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त करने संदेश का वाचन किया जाना है। यह अभियान स्वास्थ्य एवं अन्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर चलाया जा रहा है। कुष्ठ रोग की बीमारी से प्रभावित लोगों के प्रति भेदभाव उनके लिए रोजगार के अवसरों, शिक्षा, शादी की संभावनाओं और पारिवारिक जीवन पर बुरा असर डालता है। ये चुनौतियां लोगों में जागरूकता की कमी और बीमारी के फैलने, इलाज और ठीक होने के बारे में मौजूदा गलतफहमियों के कारण बनी हुई है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए देश भर में स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान हर साल मनाया जाता है। 2026 के लिए इस अभियान की थीम भेदभाव खत्म करना, गरिमा सुनिश्चित करना है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सभी विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश है। उन्होंने कुष्ठ जागरूकता वाचन एवं अन्य जन जागरूकता गतिविधियां करने कहा है।

## स्वस्थ नारी से ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज का निर्माण संभव है : विधायक

हरिभूमकि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धौरा भांठा में आज केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 70 महिलाओं को निःशुल्क गैस सिलेंडर एवं चूल्हों का वितरण कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम के दौरान विधायक साहू ने लाभार्थी महिलाओं को गैस कनेक्शन प्रदान कर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन की कामना की।

उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना केवल रसोई तक सीमित योजना नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को धुएँ से मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य, समय की बचत और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।अपने संबोधन में विधायक दीपेश साहू ने कहा उज्ज्वला योजना बहनों के जीवन में स्वच्छता, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की नई लौ जलाने का माध्यम है। स्वस्थ नारी से ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बहन धुएँ में खाना पकाने को मजबूर न हो। कार्यक्रम विधायक प्रतिनिधि किशुन साहू डामन साहू खुमान साहू थानेश्वर साहू सहित ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने हटरी भ्रमण से सीखा व्यवहारिक ज्ञान

**साजा।** नवाचारी प्रधान पाठक धनेश रजक शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकास खंड -साजा द्वारा बच्चों को हटरी (स्थानीय बाजार) खपरी धोबी विषय पर्यावरण हटरी पाठ पढ़ने के बाद किताबी ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से ले जाया गया, जहां कक्षा पांचवीं के बच्चे हटरी घुमे आये हूऐ सब्जी विक्रेता, खिलौने विक्रेता, मिठाई विक्रेता चन मुर्रा, आदि को देखे रेट पुछे और कुछ सामान खरीदे वापस स्कूल आकर उस हटरी का चित्र बनाया, कहा कोन सा समाना बेचने वाला बैठा था उसको अपने चित्र मे दिखाया, उद्देश्य -हटरी ले जाने का मुख्य उद्देश्य व्यवहारिक शिक्षा और सामाजिक अनुभव प्रदान करना, जैसे - व्यवहारिक गणित का ज्ञान, सामाजिक कौशल का विकास, स्थानीय संस्कृति व उत्पादों की पहचान, जिज्ञासा और अवलोकन, किताबी ज्ञान का वास्तविक जीवन से जुड़ाव।



## पीएमश्री विद्यालयों की तीन दिवसीय इनोवेशन मेंटरिंग सत्र में बेमेतरा की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों हेतु तीन दिवसीय क्षेत्रीय इनोवेशन मेंटरिंग सत्र का आयोजन छत्रपति शिवाजी प्रौद्योगिक संस्थान दुर्ग में किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। बेमेतरा जिले से पीएमश्री सेजेस शिवलाल राठी एवं पीएमश्री देवकर विद्यालय ने सहभागिता दिया।

सेजेस शिवलाल राठी से स्मृति अग्रवाल एवं सुदेशा चटर्जी ने मेंटर के रूप में विद्यार्थियों रौनित चौहान एवं उत्तम साहू का मार्गदर्शन किया विद्यार्थियों को आइडिया से स्टार्टअप, पेटेंट की जानकारी, डिजाइन थिंकिंग एवं प्रभावी पिचिंग का प्रशिक्षण दिया गया। समग्र शिक्षा बेमेतरा के नोडल अधिकारी निहिल वर्मा के सहयोग एवं प्राचार्य रामकुमार डड़सेना के ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा अधिकारी गैंदराम चतुर्वेदी ने अपने संदेश में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पीएमश्री विद्यालयों का उद्देश्य शिक्षा को प्रयोगात्मक, सृजनात्मक और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। ऐसे मेंटरिंग सत्र विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और राष्ट्रनिर्माण में सहभागी नागरिक बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।उनके आशीर्वचन से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ।

**राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत मिला आधुनिक विज्ञान शिक्षा का प्रशिक्षण**

# 5 नवाचारी शिक्षकों ने आईआईएसईआर पुणे कार्यशाला में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत देश के प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), पुणे में 28 से 30 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बेमेतरा जिले से पाँच नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। कार्यशाला में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कुमार वर्मा (नवागढ़), शीतल बैस (नवागढ़), सावित्री साहू (बेरला), निखिल तिवारी (साजा) तथा उद्धव साहू (बेमेतरा विकासखंड) शामिल हुए। इनमें नवागढ़ विकासखंड के शिक्षक कुमार वर्मा ने दुर्ग संभाग से आए शिक्षकों का प्रतिनिधित्व किया। शिक्षक कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा में आए परिवर्तनों, आवश्यकताओं एवं विज्ञान शिक्षा में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रयोगात्मक शिक्षा, आधुनिक तकनीकों के उपयोग, सहायक सामग्री निर्माण, तथा प्रयोगशालाओं के अधिकतम उपयोग के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया गया। कार्यशाला में बच्चों में तर्कशक्ति, जिज्ञासा, कल्पनाशीलता एवं खोजी प्रवृत्ति विकसित करने के लिए प्रारंभिक स्तर से ही मजबूत आधारभूत शिक्षा देने पर चर्चा की गई। साथ ही अध्यापन को रुचिकर बनाते हुए बच्चों के मनोभावों को समझकर उनके समग्र विकास की दिशा में कार्य करने पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत विज्ञान, गणित, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, खगोल विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण तथा पशु-पक्षी संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित गतिविधियाँ कराई गईं।

### नवाचार को दिया जा रहा बढ़ावाः शिक्षक

इसके अलावा शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया गया। लगभग 100 एकड़ में फैला आईआईएसईआर पुणे परिसर प्रतिभागी शिक्षकों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं रहा, जहाँ डीन, प्रोफेसर, शोधकर्ता एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों को प्रयोग, गतिविधियों एवं सहायक सामग्रियों के माध्यम से अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। यह कार्यशाला आईआईएसईआर पुणे एवं समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन (उच्च शिक्षा विभाग) के तत्वावधान में तथा बसंत वर्कारी एससीईआरटी रायपुर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यशाला से लौटे सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं इस प्रशिक्षण से अत्यंत प्रभावित नजर आए और इसे विद्यालयों में नवाचार को बढ़ावा देने वाला अनुभव बताया।

